श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Intervational Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 151 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 13 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

# कुत्तों ने किया मासूम पर हमला, मौत

## शहर सहित जिलेभर में आवारा कुत्तों का आतंक

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाना क्षेत्र में एक 11 साल की बच्ची पर कुत्तों ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। शहर सहित जिलेभर में कुत्तों के काटने के रोजाना औसतन आठ से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। इसमें कुछ लोग सरकारी अस्पताल उपचार करवाने पहुंच रहे हैं तो कुछ निजी अस्पतालों में उपचार करवा रहे हैं। शहर की बात करें तो घनी बस्तियों के साथ ही कालोनियों और मुख्य मार्गों पर भी कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। आवारा कुत्तों के काटने से परेशान हो रहे लोग हर दिन शिकायत लेकर नगर पालिका पहुंच रहे है। लेकिन, गाइडलाइन के कारण नपा कुत्तों को पकड़ने से हिचक रही है।

### खेत पर भोजन देकर लौट रही थी मासूम...

भानपुरा से ढाई किमी दूर लोटखेड़ी ग्राम पंचायत में एक 11 वर्षीय मासूम कुत्तों का शिकार बनी। खेत पर परिजनों को खाना देने के बाद वापिस लौट रही मासूम पर कुत्तों के झुंड ने हमला किया। जिससे उसकी जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार तनीषा पिता लोकेशनाथ बैरागी निवासी लोटखेड़ी दोपहर करीब एक बजे गरोठ रोड स्थित श्री राम तोल कांटे के पास स्थित खेत पर अपने परिजनों को भोजन देने गई थी। वापिस लौटते समय कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला बोल दिया। इसके बाद परिजन सहित अन्य मौके पर पहुंचे। यहां तनीषा अचेत अवस्था में खून से लतपथ मिली। बच्ची को भानपुरा अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### क्या परेशानी होती है, कुत्ते के काटने पर...

कुत्तों की लार में रैबीज नामक वायरस होता है। कुत्तों के दांत लगने से यह वायरस शरीर में प्रवेश कर जाता है। शरीर पर इससे होने वाले दुष्प्रभाव का असर तत्काल दिखाई देने लगे, यह जरूरी नहीं। इलाज नहीं कराने पर 20 साल में कभी भी वायरस सक्रिय हो सकता है। रैबीज वायरस के कारण मरीज हाइड्रोफोबिया हो जाता है। इसमें याददाश्त खोना, पानी से डरना, लोगों को काटना, इधर-उधर भागना जैसी हरकतें मरीज करते हैं। कुत्ते के काटने से मौत भी हो सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि कुत्ते के काटने के मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

### रात में बढ़ रहा है खतरा...

आवारा कुत्तों से सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को हैं। घरों के बाहर या कॉलोनी-मोहल्लों में खेल रहे बच्चों को काटने के मामले हो रहे हैं। दोपहर के अलावा देर शाम और रात में खतरा ज्यादा बढ़ रहा है। रात में सुनसान सड़कों पर दुपहिया वाहन चालकों के पीछे भागने वाले कुत्तों के कारण काटने के खतरे के साथ दुर्घटना की आशंका भी बढ़ रही है।

### कोर्ट के आदेश, बंधे हाथ...

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन असहाय है। अधिकारियों के अनुसार कोर्ट के आदेश हैं कि एनिमल डॉग रूल 2001 के अनुसार आवारा पशुओं को पकड़ नहीं सकते। कार्रवाई करते हैं तो कुछ लोग फोटो लेकर पशुहित की बात करते हुए सोशल मीडिया पर डाल देते हैं।



### ये है एनिमल डॉग रूल 2001...

✻ नपा आवारा कुत्तों को पकड़ नहीं सकती। ✻ यदि कोई कुत्ता बीमार है तो उसे पकड़ने के बाद इलाज कराकर 7 दिन में वापस उसी स्थान पर छोड़ना अनिवार्य है। ✻ यदि कोई कुत्ता पागल है तो पहले पशु चिकित्सक को दिखाना होगा, उनकी सलाह के बाद उसे पकड़ा जा सकता है। ✻ पागल कुत्ते का चिकित्सकों से इलाज कराने के बाद कमेटी तय करेगी कि इसे छोड़ना है या नहीं।



# जिला पंचायत की बैठक में खनिज अधिकारी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित

## शामगढ़ सुवासरा सुक्ष्म सिंचाई योजना की पाइप लाइन पर भी उठा सवाल

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला पंचायत सामान्य प्रशासन एवं साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक में शामगढ़ सुवासरा सुक्ष्म सिंचाई योजना की पाइप लाइन को गहराई पूरी नहीं होने को लेकर जांच की मांग उठी। वहीं खनिज अधिकारी की अनुपस्थिति पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने खनिज अधिकारी की अनुपस्थिति को लेकर भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

12 मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के सदस्यगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान जल संसाधन विभाग, खनिज विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन, मनरेगा, महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग पर चर्चा हुई। सामान्य प्रशासन की बैठक में जिला स्तर पर सरपंच एवं पंच सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिला पंचायत की आय को बढ़ाने हेतु चर्चा भी की गई, साथ ही 15 वे वित्त की राशि जो जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत को जारी की जाती है, उसका अनुबंध अब जिला पंचायत की जगह जनपद पंचायत में ही हो सकेगा, ऐसा निर्णय भी सामान्य प्रशासन की बैठक में लिया गया।

साधारण सभा की बैठक में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत शामगढ़ सुवासरा सुक्ष्म सिंचाई योजना में पाइपलाइन की गहराई 4 फीट के बजाय 1 से 2 फिट होने पर अध्यक्ष और सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की एवं पाइप लाइनों को चार फीट गहराई पर पुन: डालने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही एजेंसी द्वारा कार्य पूरा करने में देरी होने पर कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा गया। एजेंसी को प्राइस एस्केलेशन के रूप में 130 करोड रुपए की अतिरिक्त राशि विभाग द्वारा भुगतान करने पर भी अध्यक्ष ने प्रश्न उठाया। इस पर उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने एक-दो दिन में ही अध्यक्ष और सदस्यों की उपस्थिति में पाइपलाइन का निरीक्षण करने हेतु सदन को आश्वस्त किया। बैठक में प्रभारी खनिज अधिकारी भावना सेंगर के अनुपस्थित होने पर सदस्यों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और प्रभारी खनिज अधिकारी के विरुद्ध सदन ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य खनिज अधिकारी से यह जानना चाहते थे कि रोड निर्माता कंपनी एमकेसी पर खनिज पेनल्टी के रूप में लगाए गए 130 करोड रुपए बकाया होने पर भी उसे नवीन मुर्रम एवं पत्थर की खदानें कैसे आवंटित की कर दी गई। किंतु खनिज अधिकारी की अनुपस्थिति खदान आवंटन पर प्रश्न चिन्ह खड़े करती है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल जीवन मिशन के समक्ष गांव में पेयजल पाइपलाइन डालते समय सीसी रोड तोड़कर उन्हें पुन: रिपेयर न करने का मामला भी गर्माया। महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी भवन की रंगाई पुताई एवं मरम्मत में हुई अनियमित का मामला भी उठा। सदस्यों द्वारा यह आरोप लगाए गए की रंगाई पुताई घोटाले में प्रमुख रूप से दोषी अधिकारियों को विभाग द्वारा संरक्षण प्रदान किया जा रहा है एवं निर्दोष आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के ऊपर कारवाई की जा रही है। बैठक में मनरेगा एवं मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम विभाग ने भी अपने पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये।

# बिजली लाईन फाल्ट, खेत में लगी आग

## पांच ट्राली सुखला जला, टेंकर से पानी डाल बुझाई आग



**कुचड़ोद, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंचल के ग्राम खजुरी आंजना में बिजली लाइन फाल्ट होने से एक किसान के खेत में आग लग गई। जिससे खेत में पड़ा गेहूं का भूसा 'सुखला' जल गया। जब आग लगी उस समय खेत पर कोई नहीं था। गेहूं के अवशेष में आग तेजी से फैली। पड़ोसियों की सूचना पर ग्रामीण एवं किसान खेत पर पहुंचे। टैंकर की सहायता से आग बुझाई। समय रहते आग बुझ गई, अन्यथा 50 मीटर दूर अफीम की फसल खड़ी थी। वह भी जल जाती।

खजूरी आंजना के किसान दशरथ पिता भंवरलाल आंजना ने बताया दोपहर करीब 12 बजे खेत पर लाइन फाल्ट होने से आग लग गई। सूचना पड़ोसियों ने दी। खेत पर जाकर पानी का टैंकर मंगवाया। तब तक आग गेहूं के अवशेष से पुरे खेत में फैल चुकी थी। 5 बीघा गेहूं की फसल का भूसा जल गया। ग्रामीणों एवं पड़ोसियों की सहायता से पानी के टैंकर की सहायता से आग पर काबू पाया। समय रहते आग नहीं बुझती तो पास में ही 50 मीटर की दूरी पर सीपीएस पद्धति की अफीम की फसल खड़ी थी। वह भी जल जाती।

वह तो अच्छा हुआ आज सुबह ही 5 बीघा के गेहूं थ्रेसर से निकलवा कर घर ले गए। जिसके 1 घंटे बाद ही आग लग गई। अगर फसल नहीं निकलती, तो गेहूं भी जल जाते। काफी नुकसान हो जाता। गेहूं का भुसा (सुखला) भी पांच ट्राली के करीब था। अब पशुओं के लिए सुखला खरीदना पड़ेगा। वर्तमान में पानी की कमी के चलते सूखले की भी कमी है। इसलिए मुंह मांगे दाम लग रहे हैं। एक ट्राली सुखला की कीमत चार से पांच हजार रुपए लग रही।

वर्तमान में फसल कटाई एवं निकालने का दौर चल रहा है। बिजली विभाग को सिंचाई के लिए दिन की सप्लाई बंद कर, सुबह-शाम देना चाहिए। क्योंकि, अभी दिन में तेज हवाएं चल रही है। जिससे बिजली लाईन फाल्ट होने का खतरा हमेशा बना हुआ रहता है। खेत में लगा खंबा भी झुका हुआ है। पिछले साल लाइनमैन को बोलकर सीधा करवाया था। पर यह खंबा अब दूसरी तरफ झुक गया।

# आगे चल रहे वाहन के पिछले हिस्से में घुसा ट्रक, चालक की मौत

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस। फोर लेन हाईवे पर सड़क हादसों में कमी आती नजर नहीं आ रही है। मंगलवार देर रात दलौदा थाना क्षेत्र में एक बार फिर सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगो की सहायता से ट्रक में बुरी तरह फंसे चालक को बाहर निकाल कर उसे बड़े अस्पताल भिजवाया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।**

दलौदा थाना प्रभारी बलदेवसिंह चौधरी ने बताया की थाने के निकट हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकर पर आगे चल रहे वाहन के पिछले हिस्से में ट्रक जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। केबिन में ट्रक चालक अजय उर्फ राजू पिता गोविंद खराड़ी उम्र 20 साल निवासी बड़ावदा जिला रतलाम बुरी तरफ फंस गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे निकालकर बड़े अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। इससे पहले 10 मार्च को सवेरा ढाबे के निकट इसी हाईवे पर तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी।



# इस साल रहेगी अधिक गर्मी, चलेगी लू

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी की शुरुआती सीजन में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल सामान्य से अधिक गर्मी और अधिक लू चलने का पूर्वानुमान है। क्योंकि, अलनीनो की स्थिति कम से कम मई तक जारी रह सकती है। फिलहाल, तापमान में कभी बढ़ोतरी हो रही है तो कभी गिरावट। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तापमान इसी तरह रहेगा। मार्च के आखिरी सप्ताह में तपिश बढ़ सकती है, लेकिन लू जैसी स्थिति अप्रेल-मई में ही होगी।

मौसम शुष्क होने से धूप तीखी होने लगी है। इसलिए दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है। रात और सुबह हल्की ठंडक रहती है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 1 डिग्री से अधिक गिर गया। अधिकतम तापमान 33.3 और न्यूनतम 15.6 डिग्री रहा। बता दें कि शहर में तीन साल पहले मार्च में लू चली थी। वर्ष 2021 के आखिरी सप्ताह में शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया था और दो दिन 30 और 31 मार्च को लू के हालात थे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मार्च में लू जैसी स्थिति बनने की संभावना कम है। लेकिन, आखिरी सप्ताह में अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विशेषज्ञ पीके साहा का कहना है कि मार्च में लू जैसी संभावना नहीं है, लेकिन आखिरी हफ्ते में तापमान बढ़ा हुआ रह सकता हैं। शहर में अप्रेल,मई माह में लू चलने का ट्रेंड रहा है। इसी बार भी यहीं आसार दिख रहे हैं।

# रात्रि 10.30 बाद होगा होलिका दहन

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर में अब होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार होलिका दहन का पर्व 24 मार्च को और धुलेंडी पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। होलिका दहन के दिन इस बार भद्रा रहेगी। भद्रा की स्थिति सुबह से रात्रि तक लगभग 11 घंटे रहेगी। ऐसे में भद्रा समाप्ति पर रात्रि 10:30 बजे के बाद होलिका दहन होगा। बता दें कि होली के एक सप्ताह पूर्व होलाष्टक की शुरुआत होती है। इस बार होलाष्टक 17 मार्च से शुरू होंगा। इसके बाद 24 मार्च से पांच दिवसीय रंगोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। 25 मार्च को धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा। इस बार भद्रा सुबह 9:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक रहेगी। भद्रा में होलिका दहन नहीं करना चाहिए, इसलिए भद्रा खत्म होने के बाद ही होलिका दहन किया जाएगा। आमतौर पर पूर्णिमा के दिन भद्रा की स्थिति रहती है। इस बार भी सुबह से रात्रि तक भद्रा रहेगी। ऐसे में भद्रा समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन करना चाहिए।

# उज्जैन- चित्तौड़गढ़ ट्रेन शुरु

## पीएम मोदी ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, आज से चलेगी नियमित


**रतलाम, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह उज्जैन-चित्तौड़गढ़-उज्जैन (मेमू) पैसेंजर ट्रेन को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लंबे समय से चल रहे प्रयास के बाद इस ट्रेन की सुविधा मिली है। अब महाकाल के दर्शन के साथ-साथ व्यापारियों को भी ओर ज्यादा सुविधा मिलेगी। यह पैसेंजर ट्रेन 13 मार्च से नियमित चलेगी। मंगलवार को शुभारंभ के दौरान अलग टाइम टेबल से इस ट्रेन को चलाया गया।

### आठ स्टेशनों से होकर गुजरेगी ट्रेन...

उज्जैन से चित्तौड़गढ़ के लिए नई ट्रेन को रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिल चुकी थी। यह ट्रेन चित्तौड़गढ़ जिले दो स्टेशनों के साथ-साथ एमपी के 6 और स्टेशनों को जोड़ेगी। यह ट्रेन कुल 8 स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इसका मध्य प्रदेश के उज्जैन, फतेहाबाद, रतलाम, जावरा, मंदसौर, नीमच और राजस्थान के निंबाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ जंक्शन में ठहराव होगा। आज मंगलवार को इस ट्रेन का उद्घाटन किया गया।

### मंगलवार को ऐसे चली मेमू...

मंगलवार को चलने वाली मेमू ट्रेन उज्जैन से सुबह 10.30 बजे चली जो चित्तौडग़ढ़ शाम को 5.20 बजे पहुंची। इसी तरह, चित्तौडग़ढ़ से यह ट्रेन शाम को 5.40 बजे रवाना हुई जो रात के 11.50 पर उज्जैन पहुंची। उज्जैन से चित्तौड़गढ़ के बीच कुल 291.11 किलोमीटर की दूरी को यह ट्रेन लगभग 6 घंटा 15 मिनट में तय की। 13 मार्च से यह ट्रेन दूसरे टाइम टेबल के हिसाब से चलेगी। नियमित चलने वाली ट्रेन शाम को 4:20 पर चित्तौड़ पहुंचेगी और शाम के 4:40 पर उज्जैन के लिए रवाना हो जायेगी।





## अधूरा निर्माण परेशान आमजन

**विधानसभा चुनाव से पहले आनन-फानन में शुरू हुआ संजीत रोड ओवर ब्रिज का अभी भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है तो वहीं डिवाइडर का कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। विद्युत के लिए टेंडर होने के बाद भी अभी तक लाइट के पोल लगाने के अते पते नहीं है।**

# कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे या कमजोर अध्यक्ष चयन नहीं कर पा रहे..!

**मंदसौर/उज्जैन, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 138 साल पुरानी कांग्रेस की इतनी दयनीय हालात कभी देखी नहीं होगी कि लोकसभा लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। कुछ सीटों पर कार्यकर्ता लड़ना चाह रहे हैं तो प्रदेश संगठन उन्हें सकारण टरका रहा है। इसका अभी जो गौण कारण है उसे संगठन के टिकट प्रदाता समूह जान रहे हैं और शायद आपस में भुनाने की योजना बना रहे हैं। सामान्यत: जो गलती विधानसभा चुनाव में हुई थी, लोकसभा चुनाव में नहीं होना चाहिए। होता इसलिए नजर आ रहा है कि कांग्रेस हाई कमान ने प्रदेश कांग्रेस संगठन की एजेंसी ही ऐसे नेता को बुलाकर सौंपी है, जिसका कांग्रेस में उत्थान ही व्यवसायिक गुणों और कारणों के सहारे हुआ है तो अब प्रदेश कांग्रेस संगठन में जो कुछ भी होगा उसमें व्यवसाय किए जाने की बू तो आएगी ही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी स्वयंभू प्रदेश कांग्रेस के ऐतिहासिक, भौगोलिक, राजनीतिक आकलन के जानकार व्याख्याता कहलाते हैं। इतने अनुभवी जानकार हो गए हैं कि अब अपने से बहुत अधिक अनुभवी उम्र दराज कांग्रेसियों को भी समझाने लगे हैं कि कांग्रेस को चुनाव जीतने के लिए किस गुणवत्ता वाले कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाना चाहिए। अगर इस तरह से गुण और कार्य का मूल्यांकन जीतू पटवारी के अध्यक्ष कार्यकाल में किया जा रहा है तो निश्चित ही अब तक के श्रेष्ठप्रत्याशियों को लोकसभा मैदान में उतारा जाएगा!



चन्द्रमोहन भगत

अब प्रदेश का अध्यक्ष बने जीतू पटवारी ने शिक्षा तो उन्हीं व्याख्याताओं से ली है, जिनमें से कुछ ने कांग्रेस को त्याग दिया है तो कुछ त्यागने को लिए लालायित हैं।

अंदाज लगाइए जिन गुरुओं के बीच शिष्यत्व प्राप्त कर आज प्रदेश अध्यक्ष तक जीतू पटवारी पहुंचे हैं, तब आम कांग्रेसी यह दावा करने की हैसियत भी रखता है कि जैसे गुरु निकले वैसे ही उनका शिष्य भी हो सकता है। अगर किसी स्वार्थवश या व्यावहारिक ज्ञान के कारण ऐसा ना भी हुआ तो भी मुखिया बनकर परिवार का नाश किया जाना और आसान होता है। इसमें नाश करने वाले की पहचान भी नहीं हो पाती है और होने भी लगे तो आसानी से छुपाया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर की राजनीति के जानकारों ने तो सार्वजनिक मंचों से कांग्रेस के ऐसे नेताओं को जिसमें सुरेश पचौरी थे, रणदीप सुरजेवाला है, स्लीपर सेल कहना शुरू कर दिया है। जो विरोधियों से सुपारी लेकर कांग्रेस का सत्यानाश करने का ठेका लेते आए हैं।

जीतू पटवारी की राजनीति समझ पर नजर डालें तो जिसे जिले के ग्रामीण क्षेत्र से राजनीतिक शुरू की और लगातार अच्छे अंकों से प्रगति पाई, प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष बने, विधायक बने, मंत्री बने और अब प्रदेश अध्यक्ष बने हुए हैं। अगर कांग्रेस की पाठशाला में अर्जुन की तरह शिष्य शोधार्थी रहा है तो भी इतने अनुभव के बाद विधानसभा के 230 सैनिकों को पहचान कर चयन कर पाना मुश्किल काम माना जा सकता है। बड़ी परीक्षा पास करने में अभी और अनुभव और योग्यता की जरूरत हो सकती है। पर, स्वयंभू नीतिकार, रचनाकार और भौतिक भौगोलिक राजनीतिक वातावरण का जानकार होने के बाद भी 29 लोकसभा प्रत्याशियों के चयन में अपरिपक्वता और अदूरदर्शिता का उदाहरण बन रहा है।

जो जीतू पटवारी मुद्दे उंगलियों पर गिनवाया करते थे। आज 29 प्रत्याशियों के नाम भी नहीं गिना पा रहे हैं। राजनीति को जानने वाले वर्तमान दृश्य को समझते हैं। जीत किसी की होगी हार किसी की, पर योग्य नेतृत्व अपने सैनिकों को इतना तो पहचान ही सकता है कि किस मोर्चे पर विरोधी के सामने कौन से कार्यकर्ता सबसे बेहतर साबित होंगे। अगर नहीं जान सके हैं तो वह प्रदेश अध्यक्ष के लायक भी नहीं है या विरोधियों का स्लीपर सेल तो नहीं है कांग्रेस संगठन में..?

# 10 वर्षो के मोदी सरकार के विकास ने हर क्षेत्र में इतिहास रचा-गुप्ता

## मोदी ने 85 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण, सांसद ने गिनाई उपलब्धियां

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से रेलवे की परियोजनाओं के एकीकृत उद्घाटन और शिलान्यास के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नीमच, मंदसौर व सुवासरा स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल का शुभारंभ किया। इसी के साथ ही उन्होंने उज्जैन-चितौड़गढ नवीन ट्रेन परिचालन को भी हरी झंडी दी। मोदी ने इसी कार्यक्रम में 85 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मंगलवार को संसदीय क्षेत्र के नीमच, मंदसौर व सुवासरा स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं स्थानीय कार्यक्रम मंदसौर रेलवे स्टेशन पर सांसद सुधीर गुप्ता के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक उन्नति की है। मात्र 10 वर्षो में दोहरीकरण हो, विद्युतीकरण हो या अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का कायाकल्प हो। यह देश के विकास के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। आज का यह दिन भी ऐतिहासिक है क्योंकि रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के लिए बाजार प्रदान करने और हाशिए पर रहने वाले समाज के वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोड्क्ट (ओएसओपी)



योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य देश भर के रेलवे स्टेशनों पर बिक्री आउटलेट के प्रावधान के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों आदि को आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान करना है। और यही कारण है कि आज देश का हर युवा बुर्जुग और माता व बहनों का देश के प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास है। पूरा देश मोदी का परिवार है। आज हम विकास के क्षेत्र में विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ रहे है। इसी के साथ ही संसदीय क्षेत्रवासियों को उज्जैन के लिए प्रतिदिन एक नई ट्रेन की सुविधा मिलनी शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन का परिचालन शुरू किया। मंदसौर में आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य राजदीप परवार, नीमच में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती चौपड़ा, जिला महामंत्री सुनील कटारिया, सुवासरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, नगर अध्यक्ष कवीता बालाराम परिहार, सांसद प्रतिनिधि धनश्याम धनोतिया सहित रेलवे के अधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना म.प्र के द्वारा राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम रलायती पनवाडी तहसील पचौर जिला राजगढम.प्र. के प्रज्ञा सागर महाविद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के विक्रम विश्वविद्यालय से चयनित स्वयंसेवकों में शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की स्वयंसेवक ज्योति पिता संजयजी सोनी नेरा से यो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजश्री ठाकुरके नेतृत्व में सहभागिता करते हुए मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस शिविर की थीम स्वास्थ्य जनस्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता थी। इस उत्कृष्ट कार्यमें सहभागिता हेतु महाविद्यालय परिवार द्वारा बधाई दी गयी।

# लैला ने छोड़ा मजनू का साथ, बंसल ने किया अंतिम संस्कार

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर की सड़को पर दिखने वाली लैला मजनू का जोड़ा सोमवार की शाम को बिछड़ गया, जिसका अंतिम संस्कार समाजसेवी ,पार्षद, सुनील बंसल ने विधि विधान से किया।

जानकारी के लिए बता दे मंदसौर शहर की सड़को पर दिखने वाला एक ऐसा जोड़ा जिसे लोग पिंकी लालवानी (लैला) और अमित शर्मा (मजनू) के नाम से जानते थे जो लंबे समय से एक दूसरे के साथ रहते थे लेकिन सोमवार की शाम पिंकी का निधन हो गया जिसकी सूचना आस पास में रहने वाले रहवासियों ने सुनील बंसल को दी



जिसके बाद सुनील बंसल ने पिंकी के भाईयो को पिंकी के निधन की जानकारी दी और अंतिम संस्कार करने की कहा लेकिन पिंकी के भाईयो ने पिंकी का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया जिसके बाद बंसल ने मंगलवार सुबह पिंकी का अंतिम संस्कार करने की बात कही, जिसके बाद मंगलवार सुबह सुनील बंसल ने नगरपालिका के हेमंत शर्मा और जाकिर भाई को मामले से अवगत करवाया और शव वाहन और नगरपालिका कर्मी भेजने को कहा जिसके बाद सुनील बंसल अंतिम संस्कार की सभी सामग्री लेकर कुम्हारवाड़ा में पिंकी और अमित जहा रहते थे वहां पहुंचे और वहा से पिंकी को शव वाहन के द्वारा मुक्तिधाम ले गए जहा पर सुनील बंसल ने विधि विधान के साथ पिंकी का अंतिम संस्कार किया अंतिम संस्कार में शव वाहन चालक जसवंत भाई, नगरपालिका कर्मी, पत्रकार आशीष चावड़ा भी मौजूद रहे। जानकारी के लिए आपको और बता दे मृतक पिंकी लालवानी मंदसौर के महाजन मोहल्ला जनकूपुरा निवासी थी जिसे लोग करिश्मा भी कहते थे पिंकी ने एलएलबी भी कर रखी थी परिजन के निधन के बाद पिंकी की मानसिक स्थिति बिगड़ गई थी और पिंकी के भाईयो ने उसे घर से अलग कर दिया जिसके बाद पिंकी अमित शर्मा (मजनू) के साथ संपर्क में आई और कई वर्षो से अमित शर्मा के साथ उसके घर में रहती थी अमित और पिंकी दोनों हमेशा एक दूसरे का हाथ पकडे शहर की सड़को पर घूमते मिलते थे और शाम को गांधी चौराहे पर दोनों सेवा बैंक में भोजन करने आते थे लेकिन कुछ दिनों से पिंकी ने आना बंद कर दिया था बीमार अवस्था के चलते लेकिन अमित आकार उसका भोजन भी अपने साथ ले जाकर पिंकी को खिलाता था दोनो मानसिक रूप से कमजोर जरूर थे लेकिन दोनो में अटूट प्रेम था जिसके कारण दोनो को लोग लैला मजनू के नाम से जानते थे।

### एनआईए का आतंकी-गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ा एक्शन...

# एमपी, पंजाब-हरियाणा और राजस्थान में 30 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, 12 मार्च।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तान गैंगस्टर लिंग मामले में चार राज्यों में छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लगभग 30 जगहों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में गैंगस्टर और आतंकियों के बीच नेक्सस की पड़ताल की जा रही है। जांच एजेंसी पंजाब के मोगा में अलग-अलग ठिकानों पर भी रेड कर रही है। एनआईए के साथ मोगा पुलिस भी मौजूद है। मोगा के हलका निहाल सिंह वाला के गांव बिलासपुर में एनआईए की टीम जांच कर रही है।

इससे पहले सितंबर 2023 में भी एनआईए ने गैंगस्टर और खालिस्तानी गठजोड़ के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया था। जांच एजेंसी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली हृष्क्र, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में करीब 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी। एनआईए ने आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग्स डीलर्स के बीच सांठगांठ से जुड़े 3 केस में ये कार्रवाई की थी। सितंबर में हुई छापेमारी के दौरान सबसे ज्यादा पंजाब में 30 जगहों पर एनआईए की टीम पहुंची थी। वहीं, राजस्थान में 13, हरियाणा में 4, उत्तराखंड में 2, दिल्ली-हृष्क्र और यूपी में 1-1 जगह छापेमारी की गई थी। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, विदेशों में बैठे खालिस्तानी और गैंगस्टर भारत मे ग्राउंड वर्कर को हवाला चैनल से ड्रग्स और हथियार के लिए फंडिंग कर रहे हैं।



गैंगस्टर-खालिस्तानियों की इसी फंडिंग चेन को खत्म करने के लिए एनआईए का एक्शन जारी है। करीब पांच महीने पहले एनआईए ने जिन ठिकानों को निशाना बनाया था, वे लॉरेंस बिश्नोई, बंबिहा गैंग और अर्श डल्ला गिरोह के सदस्यों से जुड़े थे। दिल्ली में भीमा थाना रोड़ी में एनआईए की टीम पहुंची थी। यहां यादविंदर उर्फ जशनप्रीत के घर पर रेड रेड डाली गई थी, जो की पेशे से बाउंसर है। यादविंदर के खाते में विदेश से फंडिंग हुई थी, उसके फोन से विदेश में भी बात हुई थी।

## लोकसभा चुनाव दृष्टिगत आज सुवासरा विधानसभा के मंडलो की संगठनात्मक बैठक

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टित संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में लोकसभा चुनाव के दृष्टित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपनी संगठनात्मक तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में आज दिनांक 13 मार्च 2024 बुधवार को मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा के कयामपुर मंडल की बैठक दोपहर 11:30 बजे, सीतामऊमंडल की बैठक दोपहर 12:30 बजे, सीतामऊग्रामीण मण्डल की बैठक दोपहर 01:30 बजे, सुवासरा मण्डल की बैठक दोपहर 02:30 बजे एंव शामगढ मंडल की बैठक शाम 04:00 बजे आयोजित होगी। बैठक में सांसद एंव भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## स्वदेशी रंगों से होली खेलने हेतु नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक दशपुर कुंज गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में स्वावलंबी भारत अभियान स्वरोजगार केंद्र स्थापित करने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही बैठक में निर्णय लिया कि आने वाले होली पर्व एवं रंगपंचमी पर्व पर स्वदेशी कलर व गुलाल से होली खेलने हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। तथा केमिकल युक्त कलर के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु प्रशासन ज्ञापन दिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित रहे-विभाग विस्तारक दिलीप व्यास, जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, जिला सहसंयोजक महेंद्र सिंह राजावत, तहसील संयोजक दिलीप चौधरी, समाजसेवी कमल कोठारी, मार्गदर्शक डॉ हेमंत नामदेव, तहसील सहसंयोजक किशन पांडे, नगर सह सयोजक अभिजीत मंडलोई, राजेश चौहान, गोविंद सिंह सिसोदिया, सतीश बैरागी, अनिरुद्ध गौड, सार्थक सिखवाल, पंडित नारायण भारती आदि। यह जानकारी तहसील संयोजक दिलीप चौधरी ने दी।

## बदलते व मजबूत भारत की तस्वीर...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मेरा देश बदल रहा हे। आगे बड़ रहा हे। यह वाक्य केवल एक सरल वाक्य नही बल्कि आश्वासन हे जो असंख्य देशप्रेमियो को आश्वस्त और आशावंतित रखता हे। जी 20 की मेजबानी करना हो या श्रीलंका से मौत की सजा पाए मछुआरों की रिहाई, पाकिस्तान से कैप्टन अभिनंदन को सुरक्षित वापस लाना और अभी कतर की जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नोसेनिको की रिहाई और उनका स्वदेश लोट कर आना निश्चित रूप से भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता हे। चाहे भारतीय नागरीको की वापसी हो अथवा रिहाई सरकार ने जाति, धर्म अथवा क्षेत्र विशेष को लेकर कभी कोई विभेद नही किया। इस असंभव लग रहे काम को संभव कर के मोदी सरकार ने अपनी मजबूत कूटनीतिक क्षमता को मनवाया हे। भारतीय नागरिक विश्व में कन्हि भी संकट में फंसे हो उनकी सहायता के लिए हर संभव प्रयास किया जाता हे। रूस यूक्रेन युद्ध के समय वंहा फंसे भारतीयो को भी सकुशल देश लाया गया था। अब भारत विभिन्न देशो में जाने अंजाने संकट में फंसे अपने नागरीको की सहायता करने में इसलिए पहले से कन्हि अधिक सफल हो पा रहा हे क्योंकि उसका अंतराष्ट्रीय कद बढ़ता जा रहा हे। भारत की ताकत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता हे की रूस यूक्रेन युद्ध के समय भारत के तिरंगे की छाया में अन्य देशो के नागरिक भी सुरक्षित निकल पाए। हमारे देश का तिरंगा हमारे नागरीको के लिए ही नही बल्कि अन्य देश के नागरीको के लिए भी सुरक्षा की गारंटी बन गया। भारत सरकार के लिए ये मामले किसी अग्निपरीक्षा से कम नही थे किंतु अपनी कुशलता से भारत सरकार ने इनका समाधान किया वह बदलते और मजबूत भारत की तस्वीर हे। अखंड सनातन संस्कृति और संस्कारो से परिपूर्ण भारत निरंतर बदलता रहा हे। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम हे और इस सर्वमान्य सिद्धांत को स्वीकार करता हुआ भारत अपने बदलते हुए स्वरूप में सदियो से मजबूत ही होता आया हे। आज भी यह क्रम अनवरत रूप से सक्रिय और गतिमान हे। विश्व में हमारे देश के प्रति विश्वास बड़ा हे और हमारे विरोधी देश भी हमसे वैचारिक मतभेद रखने के बाद भी हम पर विश्वास करते हे। हमारे विकास, विश्वास और प्रगति की यह यात्रा यूंही सहज और आसान नही रही इसका बहुत बड़ा श्रेय हमारे देश की वर्तमान सरकार और उसके नीति नियंताओं को जाता हे की तमाम चुनौतियों और कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी देश के विकास की प्रगति की यात्रा भारतीय संस्कृति और संस्कारो के सिद्धांतो के अनुरूप रही हे। इसका मुख्य कारण यह भी रहा हे की देश के जनमानस ने अपनी सरकार के प्रति विश्वास निरंतर दृढ़ रखा हे और इसी विश्वास के कारण भारत आगे बड़ रहा हे। परंतु अभी लक्ष्य पूर्ण नही हुआ हे और न ही हमारे देश व शासको के सामने चुनौतियां और समस्याएं समाप्त हुई हे। आज भी हमारी प्रगति एवम विकास की इस यात्रा में देश के अंदर और देश की सीमाओ के बाहर हमे चुनौतियां मिल रही हे। पर यह हमारे लिए गर्व और निश्चिंतता की बात हे की मजबूत नेतृत्व के कारण हम इन चुनौतियों पर सफलता पूर्वक विजय भी प्राप्त कर रहे हे। भारत की यह निरंतर समावेशी विकास और प्रगति की यात्रा निरंतर व अनवरत रूप से चलती रहे इसके लिए आवश्यक हे की हम अपने नेतृत्व के प्रति विश्वासपूर्ण सहयोग भी देते रहे। बिना किसी मत भिन्नताओ के हमारा यह विश्वास ही हमारे देश की भावी प्रगति और विकास को बनाए रखेगा और हम विश्व मानचित्र पर एक गोरवशाली राष्ट्र के रूप में अपना स्थान एवम विश्वास स्थापित कर सकेंगे।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## विहिप मालवा प्रान्त की दो दिवसीय बैठक इंदौर में सम्पन्न

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत की दो दिवसीय बैठक रामकृष्ण बाग इंदौर में सम्पन्न हुई जिसमें विहीप के केंद्रीय, क्षेत्रीय व प्रान्त के संघठन मंत्रियों के साथ विभिन्न पदाधिकारी व मालवा प्रान्त के सभी जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राममंदिर निर्माण व रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के विषय पर प्रस्ताव पर चर्चा के साथ संघठनात्मक चर्चा के साथ आगामी कार्य योजना पर विषय रखे गए। प्रान्त बैठक के समापन से पूर्व मालवा प्रान्त मंत्री विनोद शर्मा द्वारा मन्दसौर जिले के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई जिसमें सर्वप्रथम मन्दसौर जिले से ज्योतिप्रिया शर्मा मन्दसौर को दुर्गा वाहिनी मालवा प्रान्त संयोजिका का दायित्व दिया गया साथ ही विश्व हिंदू परिषद के मन्दसौर जिलाध्यक्ष प्रवीण मण्डलोई, जिला उपाध्यक्ष हरीश टेलर, जिला सहमंत्री प्रतीक व्यास एवं दुर्गा वाहिनी मन्दसौर जिला संयोजीका वन्दना सेन दीदी के नामों की घोषणा प्रान्त बैठक में हुई। साथ ही विहिप के मन्दसौर विभाग हेतु प्रदीप चैधरी विभाग विशेष सम्पर्क प्रमुख, लक्की बडौलीया विभाग विधि प्रमुख, सत्यनारायण पाटीदार बामनिया विभाग धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख एवं खुमानसिंह को बजरंगदल विभाग संयोजक बनाया गया। उक्त जानकारी विहिप मन्दसौर जिला मंत्री हेमन्त बुलचंदानी मन्दसौर द्वारा दी गई।

# सामान्य यात्री गाड़ियों में भी लिया जा रहा एक्सप्रेस का किराया

## रेलवे विभाग कम किराया लेने की घोषणा कर, कर रहा गुमराह

**पिपलियामंडी, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे ने सामान्य यात्री गाड़ियों का किराना कम करने की घोषणा तो कर दी, लेकिन अभी तक सभी सामान्य यात्री गाड़ियों में किराया कम नही हुआ है, एक्सप्रेस टे्रन के हिसाब से सामान्य टे्रन का किराया वसूल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च को रेलवे बोर्ड ने जनरल यात्री गाड़ियों का किराया कम करने की घोषणा की थी। लेकिन रतलाम-चित्तोड़गढ खण्ड पर चलने वाली कोटा-मंदसौर-कोटा, चित्तोड़-रतलाम-चित्तोड, उदयपुर-मंदसौर-उदयपुर इन गाडियों में ही किराया कम लिया जा रहा है। जबकि कोरोना काल से पूर्व जिन गाडियों का सामान्य किराया था, उनमें अभी भी एक्सप्रेस गाड़ी का किराया ही वसूल किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार जिन सामान्य यात्री गाड़ियों के नम्बर के आगे 0 लगा हुआ है उन्हीं गाड़ियों में सामान्य किराया लिया जा रहा है, बाकी सभी गाडियों में एक्सप्रेस का किराय लिया जा रहा है। रेल सुविधा विस्तार समिति ने मंडल रेल प्रबंधक से मांग की कि कोरोना काल से पूर्व जिन गाड़ियों में सामान्य किराया लिया जा रहा है, वहीं वर्तमान में भी लिया जाए। अन्यथा समिति को जनहित में आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## राज्यसभा सांसद सुमित्रा वालमीकि का सांसद गुप्ता सहित कार्यकार्ताओं ने किया स्वागत

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर आगमन पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि जी का सांसद सेवा केंद्र मंदसौर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने आत्मीय स्वागत किया। इसी के साथ ही समाजजन द्वारा भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यासभा सांसद सुश्री वाल्मीकि जी ने कार्यकर्ताओं से चर्चा की। ज्ञात रहे कि कानून पर अच्छी पकड़ रखने वाली सुमित्रा वाल्मीकि जबलपुर से राज्यसभा सांसद है और एक साफ सुथरी छवि रखते हुए भाजपा की वरिष्ठनेता है। इस अवसर पर राजेश नामदेव, गणपतसिंह आंजना, निर्मला गुप्ता, सुषमा आर्य, अरविंद सारस्वत, विक्रम भटनागर, आशीष खिमेसरा, गरीमा भाटी, सुनीता गुजरिया, आशीष खिमेसरा, भूपेन्द्र सोनी, मनोज जैन, अमन फरक्या, अनुप माहेश्वरी, विक्रम भैरवे, पप्पु रील, राकेश बंडवाल, बलवंत शक्तावत आदि उपस्थित थे।



## आठ नवीन पटवारियों को तहसील में किया नियुक्त

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने आठ नवीन पटवारियों को तहसील में नियुक्त किया है। श्री विक्रमसिंह तोमर भानपुरा, श्री सुहास काबरा शामगढ़, श्री त्रिभुवन शामगढ़, श्री गोविन्दसिंह सिकरवार शामगढ़, श्री संजयसिंह शामगढ़, श्री अंशु भदोरिया दलोदा, श्री देवेन्द्र सिंह परमार दलोदा एवं श्री दुर्गेशसिंह कोरी दलोदा में नियुक्त किया।

# चौबीस मगरा गौधाम पर किया श्रमदान व पौधारोपण

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार के श्रमदानियों ने गौधाम संजीत मगरा पर करीब 3 घण्टे श्रमदान कर वहां साफ-सफाई तथा पौधारोपण किया। इस दौरान गौशाला में गायों को एक ट्राली हरे चारे व गुड़ का आहार भी कराया और गौमाता का आशीर्वाद लिया।

गौशााल प्रभारी बाबूलाल पाटीदार ने कहा कि पहले किसान गाय और बैल को अपने घर का सदस्य समझता था और उनकी पूजा करता था लेकिन आज वही गौवंश संकट में है। कई बार देखा जाता है कि किसान गाय व बैल उपयोग नहीं होने और बुढा होने पर भटकने हेतु छोड़ देता है। जो भूखी प्यासी सड़कों पर विचरती रहती है। तुर्की देश जहां की जमीन की उर्वरा शक्ति खत्म हो गई थी तथा भूमियां बंजर होती जा रही थी। वहां के वैज्ञानिकां ने शोध किया और गाय के गौबर को खेतों में डाला तो वहां पैदावार बढ़ गई। आज भारत से तुर्की देश गौबर भेजा जा रहा है लेकिन अपने देश में हम देशी गायों का महत्व नहीं समझ रहे है। जबकि विदेशों में हमारे देश की गायों का महत्व समझने लगे है। महेश मोदी ने कहा कि गौमाता का संरक्षण ही सबसे पुण्य कार्य है। हमारी सरकारों को भी गौशाला पर विशेष ध्यान देना चाहिये। सर्वे कराना चाहिये और गौशालाओं की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। समाजसेवी दिनेश पोरवाल ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि गायों की सेवा करने से माता-पिता की सेवा करने के समान पुण्य मिलता है। निरंजन रत्नावत ने कहा कि प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है हमारा भी कर्तव्य है कि प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाये। योगेशसिंह सोम ने कहा कि साल में कम से कम एक बार जरूर गौशाला में जाकर गायों की सेवा करने का संकल्प ले। सफाई करना, पौधे लगाना गायत्री परिवार के स्वच्छता अभियान का हिस्सा है जिस पर हम निरंतर काम कर रहे है। गायत्री परिवार गायों के प्रति सेवा के भाव लगाने का कार्य कर रहा है।

## दुर्घटना में मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 25 फरवरी 2024 को फोरलेन पर पिपलिया रोड के राजा स्थान के निकट सड़क दुर्घटना में राजसमन्द निवासी लक्ष्मीनारायण पिता मुरलीधर राव घायल हो गया था। घायल को मंदसौर में इलाज के बाद उदयपुर रेफर किया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तहरीर जांच पर पिपलिया पुलिस ने विवेचना के बाद मंगलवार को पिपलिया पुलिस ने युवक को टक्कर मारने बाइक (एमपी 14 एमजे 9295) के चालक के खिलाफ धारा 304 ए में केस दर्ज किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 6 | 2236 | 2284 |
| उड़द | 5 | 3000 | 7000 |
| सोयाबीन | 2286 | 4001 | 4597 |
| गेहु | 11200 | 2300 | 2770 |
| चना | 2000 | 4000 | 5636 |
| मसुर | 400 | 4000 | 5872 |
| धनिया | 284 | 6160 | 8000 |
| लहसुन | 28000 | 3500 | 13000 |
| मैथी | 2000 | 5000 | 6290 |
| अलसी | 645 | 4500 | 5285 |
| सरसो | 1139 | 4501 | 4901 |
| तारामीरा | 11 | 45000 | 4638 |
| इसबगोल | 14 | 12111 | 16081 |
| प्याज | 379 | 650 | 1772 |
| कलोंजी | 9 | 12599 | 18429 |
| डॉलर | 10 | 6002 | 9321 |
| तिल्ली | 14 | 12701 | 13841 |
| मटरसुखी | 4 | 4101 | 5300 |
| असालीया | 256 | 6040 | 7040 |


## कार्यालय नगर परिषद् शामगढ़ जिला मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक 597/राजस्व / नामा./2024 — **नामातंरण विज्ञप्ति** — शामगढ़ दिनांक –12.03.2024

सर्वसाधारण को जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है कि निम्न विवरण अनुसार म.प्र.न.पा.अधिनियम 1961 की धारा 150 की अनुसार नामांन्तरण की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है। जिस किसी आवेदक का नामांन्तरण नाम लागु किये जाने मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो विज्ञप्ति प्रकाशन होने के दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे लिखित रूप से अपनी आपत्ति मय पुष्ट प्रमाण के कार्यालय मे (अवकाश के दिनो को छोडकर) कार्यलय मे प्रस्तुत करे। अवधि समाप्त होने पर आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

| क्र. | मोहल्ला श्रेत्र/ सम्पत्ति विवरण | वार्ड न | नप रिकार्ड में दर्ज नाम | हस्तान्तरण कर्ता का नाम | जिसके नाम अंतरण (नामा.) होना है | अंतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेन रोड/ भवन क्रमांक 4462 | 09 | शकुंतला पति अमरलालव महेश, जगदीश, संजय, हरीश पिता अमरलाल आहूजा | शकुंतला पति अमरलालव महेश, जगदीश, संजय, हरीश पिता अमरलाल आहूजा | संजय पिता अमरलाल आहूजा | रजिस्टर्ड स्वत्व त्याग विलेख |
| 2 | अबास भाई के प्लाट तहसील के पीछे अंदर/भ.क्रं.3213 | 07 | गणेशराम पिता रामविलास काला | गणेशराम पिता रामविलास काला | रुकमण पति रामगोपाल राठौर | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 3 | राजपूत मोहल्ला/भ.क्र.682 | 01 | विरेन्द्रसिंह पिता रुपसिंह | विरेन्द्रसिंह पिता रुपसिंह | खशबु पति खुमानसिंह राठौर | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 4 | राजपूत मोहल्ला/भ.क्र.681 | 01 | महेन्द्रसिंह पिता रुपसिंह | महेन्द्रसिंह पिता रुपसिंह | शोभा पति प्रेमसिंह राठौर | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 5 | राव कालोनी (पंजाबी कालोनी)भ.क्र. 2415 | 05 | सर्वे अनुसार कृष्णकांत पिता राधेश्याम मांदलिया | आत्माराम पिता धुलचंद धनोतिया | कृष्णकांत पिता राधेश्याम मांदलिया | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 6 | गायत्री विहार कालोनी/भ.क्र.4454/भूखंड क्रं.20 | 08 | चंद्रशेखर पिता प्रहलाद पाटीदार | चंद्रशेखर पिता प्रहलाद पाटीदार | रजनीबालापति ज्ञानचंद जैन | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 7 | गायत्री विहार कालोनी/भ.क्र.4454/भूखंड क्रं.19 | 08 | चंद्रशेखर पिता प्रहलाद पाटीदार | चंद्रशेखर पिता प्रहलाद पाटीदार | आयुष पिता ज्ञानचंद जैन | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 8 | स्टेशन रोड/भ.क्र. 4809 | 09 | रामसुखीबाई पति ओमप्रकाश वेद | रामसुखीबाई पति ओमप्रकाश वेद | दिलीप पिता ओमप्रकाश वेद | रजिस्टर्ड दान पत्र |
| 9 | मुसलमान मोहल्ला/भ.क्र. 1948 | 04 | अरुण पिता जयदेव | अरुण पिता जयदेव | संतोषबाई पतिप्रभुलाल चौधरी | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 10 | पंजाबी कालोनी/भ.क्र. 2330 | 05 | सर्वे अनुसार श्यामलाल, रमेश, राम पिता गिरधारीलाल | श्यामलाल पिता गिरधारीलाल | रमेश पिता श्यामलाल व राम पिता श्यामलाल कालरा | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वैध उत्तराधिकारी |
| 11 | मकड़ावन मार्ग से अंदर/भ.क्र.6146 | 14 | खलील एहमद पिता बशीर अहमद | खलील एहमद पिता बशीर अहमद | शादाब अहमद, शाहबाज अहमद पिता खलील अहमद | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वैध उत्तराधिकारी |
| 12 | कसाई मोहल्ला/भ.क्र.5204 | 11 | खातुनबाई पति यासीन खां | खातुनबाई पति यासीन खां | दिलीपकुमार, नरेन्द्रकुमार पिता रोशनलाल वधवा व नरेन्द्रकुमार पिता बोधराज धीगरा | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 13 | कसाई मोहल्ला/भ.क्र.5204 | 11 | खातुनबाई पति यासीन खां | खातुनबाई पति यासीन खां | आनंद पिता भुषणलाल नंदवानी | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 14 | गरोठ रोड चौराहा, नर्सिंग होम से डिम्पल चौराहा से रोड से अंदर/439/2/1 | 08 | दर्ज नहीं | जगदीश पिता कन्हैयालाल चौहान | अलका पति आनंद नंदवानी | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 15 | डिम्पल चौराहा से सगोरिया रास्ते से अंदर/सर्वे क्रं. 204/1/8/1/1/1/1 पैकि भ.क्र.4355 | 08 | रमेशचंद्र पिता सत्यनारायण धनोतिया | रमेशचंद्र पिता सत्यनारायण धनोतिया | वंदना पति जगदीश वेद | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 16 | टप्पा कार्यालय के सामने/भ.क्र.3064 | 07 | सर्वे अनुसार भगवंतीबाई पति राधेश्याम वेद | शीतल पति राजकुमार मुजावदिया | भगवतीबाई पति राधेश्याम वेद | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 17 | डिम्पल चौराहा से खाती मोहल्ले तक रोड से अंदर मधुर कालोनी/सर्वे क्रं.537/3 पैकि | 01 | दर्ज नहीं | शिखा पति मनीष मांदलिया | जगदीश पिता राधेश्याम व वंदना पति जगदीश वेद | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 18 | दालमिल कालोनी/भ.क्र. 1552 | 04 | रेखा पति हरीशचंद्र खुराना | रेखा पति हरीशचंद्र खुराना | गुंजन पिता हरीशचंद्र खुराना | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वैध उत्तराधिकारी |

सुरेश यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, शामगढ़
श्रीमती डाली जोशी, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, शामगढ़
श्रीमती कृष्णा फरक्या, सभापति राजस्व विभाग, नगर परिषद, शामगढ़
श्रीमती कविता यादव, अध्यक्ष, नगर परिषद शामगढ़

# भाई ने की थी गोविंद सिंह की हत्या, गिरफ्तार



**गरोठ, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के ग्राम धनुरिया में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार किया है।

गरोठ एएसपी हेमलता कुरील ने बताया कि दो दिन पहले गोविन्द सिंह पिता सुल्तान सिंह चौहान जाती सोंधिया राजपूत उम्र 36 साल निवासी धनुरिया का शव बाड़े में मिला था। मृतक के नाक व मुंह पर गंभीर चोट लगी थी। प्रथम दृष्ट्या यह हत्या का मामला नजर आ रहा था। जांच पड़ताल शुरु की गई। जिसमें पता चला कि चार भाईयो में मृतक गोविन्दसिंह सबसे बड़ा था। छोटा भाई प्रधानसिंह और मृतक गोविन्द सिंह दोनों अविवाहित होकर ग्राम धतुरिया में अपनी माँ कालीबाई के पास ही रहते थे। गोविंदसिंह कोई काम नहीं करता था। अपनी मां से रुपए लेता था। जो उसके भाई प्रधान सिंह को पसंद नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा भी होता था। गोविंदसिंह के नाम एक ट्रेक्टर था। जिसे प्रधान सिंह भाड़े पर चलाता था। भाड़े के रूपए को लेकर भी दोनों भाईयों में झगड़ा हुआ करता था। दस मार्च को गोविन्द सुबह माँ कालीबाई से 4000 रुपये टीवी खरीदने के लिए ले गया था और शाम को घर पर शराब पीकर लौटा। यहां दोनों भाईयों में फिर से विवाद हुआ। गोविंदसिंह बाड़े में खड़ा ट्रैक्टर ले जाने लगा। इसे लेने वह बाड़े में पहुंचा। जब मां कालीबाई बाड़े में पहुंची तो गोविंदसिंह का शव पडा हुआ था प्रधान सिंह मौके से फरार हो गया था। साक्ष्यों और तथ्यों के साथ शार्ट पीएम रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी प्रधान सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को खाईखेड़ा के जंगल से गिरफ्तार किया।

## जनसुनवाई में 61 आवेदन आए

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 61 आवेदकों की समस्याईएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।

## कार से बरामद की 20 पेटी शराब, एक धराया, एक फरार



**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊपुलिस ने गोपालपुरा-तितरोद रोड़ पर एक कार से 20 पेटी बियर जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक मौके से फरार हो गया।

सीतामऊ थाना पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए 8 लेन पुल के आगे गोपालपुरा-तितरोद रोड़ पर नाकाबंदी की। यहां मारूती सुजुकी एस क्रास कंपनी की कार एमपी 09 सीएल 0200 को रोककर तलाशी ली ली गई। जिसमें पावर 10000 सुपर स्ट्रांग कम्पनी की बीयर की 20 पेटी (240 बल्क लीटर) मिली। पुलिस ने बताया कि कार में कमलेश पिता मांगीलाल बलाई निवासी तितरोद व घनश्याम पिता शम्भुलाल बलाई निवासी महुवा मौजूद थे। जिसमें से कमलेश को गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं घनश्याम मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियो के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### कमलेश रिमांड पर, घनश्याम की तलाश...

पुलिस ने कमलेश पिता मांगीलाल बलाई निवासी तितरोद को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौपा गया। अब प्रकरण में पुलिस विस्तृत पूछताछ कर रही है। इधर फरार आरोपी घनश्याम को पुलिस तलाश रही है। बताया गया है कि आरोपी यह अवैध शराब रतलाम जिले के बरखेड़ा से लाए थे और अपने घर से ही लोगो को सप्लाय देते रहे है।






# सरकार ने सबका साथ, सबका विकास पर काम किया-देवड़ा

## उप मुख्यमंत्री ने 5 करोड़ की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने पिपलिया मंडी में 5 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री विपिन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, श्री नानालाल अटोलिया, नगर परिषद अध्यक्ष सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, जिलाधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ग्राम तुरकिया पहुंच कर 86 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नई आबादी पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किया। तत्पश्चात मंदसौर पहुंचकर ग्राम खिलजीपुरा में 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले फोरलेन से श्रवण महादेव मंदिर पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किया।

लोकार्पण अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि सरकार ने सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे बड़े ताकतवर नेताओं में एक है। उनका भी सपना सबका साथ सबका विकास पर आधारित है। पिपलिया मंडी में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा मिलेगी। अस्पताल में स्टाफ की कमी एवं अन्य संसाधनों की कमी को बहुत जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। सभी जनता को शुद्ध जल मिले इसके लिए सरकार ने नल जल योजना पर काम किया। हर खेत तक पानी पहुंचे। इसके लिए मल्हारगढ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना पर काम चल रहा है। सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि विकास के क्षेत्र में प्रदेश ने नई करवट ली है। आज विकास से हर क्षेत्र बदला हुआ है। काम के प्रति सरकार समर्पित है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में सरकार ने विकास किया है। जातिवाद को छोड़ कर सरकार ने भाईचारा स्थापित किया है और हर वर्ग का सरकार ने विकास किया है। आज हर स्टेशन विकास की कहानी बोल रहा है। भारत का एकमात्र संसदीय क्षेत्र है जहां पर तीन मेडिकल कॉलेज निर्मित हुए। सेंट्रल स्कूल स्थापित हुए। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां पर विकास के काम नहीं हुए हैं।

# पंछी घर टॉवर का कार्य नगरपालिका के भूमि निरीक्षण पर टिका

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पक्षियों के संरक्षण को लेकर मन्दसौर शहर में नई क्रांति देखने को मिल रही है। जन सहयोग से पंछी घर निर्माण को लेकर सभी वर्ग में उत्साह का माहौल बना हुआ है। हर तरफ चौराहा से लेकर सोशल मीडिया पर पंछी घर की पोस्टो से जीवदया के प्रति अलग ही लहर देखने को मिल रही है पंछी घर जनसहयोग से निर्माण होंगा और इसका बीड़ा पंछी बचाओ अभियान ने उठाया है। निर्माण के लिए जमीन नगर पालिका द्वारा तेलिया तालाब पर देख निरक्षण एक बार कर चुके है।



पंछी घर निर्माण के लिए भूमि चयनित मौखिक अनुमति तो मिल चुकी है लिखित अनुमति के लिए नगर पालिका एक बार और निरिक्षण करेगी, नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा हरि झंडी निरीक्षण के बाद ही मिलेगी। ऐसे में मन्दसौर शहर के पक्षी प्रेमी अब नगर पालिका से उम्मीद लगाए हुए है कि इस नेक कार्य के लिए चयनित भूमि उपलब्ध करवाकर जीवदया के इस पुनीत कार्य मे सहभागिता करें।

पंछी बचाओ अभियान के संस्थापक राकेश भाटी ने बताया की नगरपालिका द्वारा पिछले माह तेलिया तालाब पर पंछी घर निर्माण के लिए भूमि चयनित की थी और भूमि के लिए जरूरी कागज भी संस्था द्वारा नगर पालिका में जमा करवा दिए गए है। जिस पर लानि संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्य को करने का आश्वासन दिया था और जरूरी कागज की फाइल भी तैयार कर दी गई है। बस निरीक्षण के बाद कार्य शुरू हो जायेगा। संस्था के सयोंजक अंकित बैरागी ने बताया है कि पंछी घर टॉवर बनने के लिए 7 लाख रुपये की राशि जमा करना है और संस्था द्वारा पंछी घर टॉवर में बनने वाले घोसलों की राशि 499 रुपये प्रति घोंसला रखा है। कोई भी अपनी ओर से इस टावर में पक्षियों के लिए घर घोसला ले सकता है वो भी मात्र 499 रुपये में अभी तक पंछी टॉवर में 2 लाख रुपये तक कि घोषणा पंछी प्रेमी कर चुके है। और लगभग 46 हजार केस भी रसीद के माध्यम से संस्था को प्राप्त हो चुके है। भूमि के लिए सभी शहरवासियों की उम्मीद फिलहाल नगर पालिका पर टिकी है। अब देखना है कि इस परोपकार के कार्य के लिए कितना समय और लगता है।

# भूखंडधारियों ने कैलाश विजयवर्गीय को सौपा आवेदन

## प्रेसवार्ता कर भूखंडधारियों ने जिपं सदस्य प्रतिनिधि मनीष पोरवाल पर लगाए आरोप

**मनासा, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के रामपुरा रोड़ पर स्थित छिपा कॉलोनी के भूखंड धारियों द्वारा डाक बंगले पर प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से रूबरू होकर अपनी पीड़ा बताई।

ललिता पति श्यामसुंदर बैरागी निवासी देवरी खवासा हा. मु.रतनगढ़ सिंगोली द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा 15 फरवरी 1996 में कस्बा मनासा की सीमा में रामपुरा रोड पर सर्वे नंम्बर 842 पर 0.018आरी जो कुल 2000 वर्ग फिट जगह क्रय की गई थी।जिसकी बिक्री रजिस्ट्री विक्रता मांगीलाल पिता अलबेलिजी छिपा निवासी मनासा तर्फे रजि.आ.मु. मदनलाल पिता सीताराम छिपा निवासी मनासा से करवाई व



विक्रेता को प्रतिफल भी अदा किया।बिक्री रजिस्ट्री के बाद प्रार्थिया का उपरोक्त भूमि पर नामांतरण स्वीकृत हुवा है जो राजस्व दस्तावेजो में प्रार्थिया का मालिकाना स्वत्व हक्क के साथ नाम दर्ज हुवा जो आज दिनांक तक राजस्व दस्तावेजो में दर्ज है। प्रार्थिया के द्वारा उक्त भूमि खरीदने के कुछ माह बाद उनके पति का स्वर्गवास होगया।तीन छोटी छोटी संतानों का पालन पोषण की समस्या के चलते प्रार्थिया अपने पीहर रतनगढ़ निवास करने लगी समय समय पर प्रार्थिया अपने ससुराल देवरीखवासा आती जाती रही और अपनी अचल सम्पतियों की देख रेख करती रही।लेकिन मेरे द्वारा खरीदी गई कृषि भूमि पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीष पोरवाल द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा कर लिया गया।

जिसकी जानकारी जब मुझे हुवी तो मैने मनीष पोरवाल से बात करना चाही तो उनके द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार कर यह कहते हुए मुझे वहां से भगा दिया गया कि तुम मेरा कुछ नही बिगाड़ सकते कृषि भूमि पर आने का प्रयास मत करना नही तो जान से मार दूँगा। ज्ञात हो कि इसी छिपा कॉलोनी में पूर्व में ललिता पति राधेश्याम कुशवाह निवासी मनासा द्वारा अपनी कृषि भूमि पर जाने के लिए रास्ते को लेकर शिकायत कर एसडीएम मनासा को आवेदन दिया गया था।उक्त शिकायत पर प्रशासन द्वारा नाकोड़ा रेस्टोरेन्ट पर कार्यवाही कर रास्ते की भूमि पर जो अवैध रूप से कब्जा किया गया था उसे हटाया गया था। वही आज मनासा में 100 बेड हॉस्पिटल एवं ऑडोटोरियम का लोकार्पण कार्यक्रम में आए मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सभी पीड़ित भूखंड धारियों ने आवेदन देकर ठोस कार्यवाही की मांग की है।

## शिव महापुराण का शंखनाद कथा आज से

**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राधे राधे महिला मंडल के तत्वाधान में पटेल स्कूल के सामने यदेश्वर महादेव मंदिर धनेरिया कलां रोड पर वृंदावन के भागवत आचार्य पंकज कृष्ण महाराज के श्री मुख सेआज 12 से 18 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक शिव महापुराण कथा प्रवाहित होगी। शिव महापुराण कथा का शुभारंभ आज 12 मार्च को प्रात: 10 बजे धनेरिया कलां मार्ग स्थित यादेश्वर मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद अमृत कलश यात्रा के साथ होगा।

# 13 से 22 मार्च तक सम्पूर्ण जिले में चलेगा 10 दिवसीय बूथ विजय अभियान-अटोलिया



**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा एंव प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार बूथ विजय अभियान कार्यक्रम विषय को लेकर आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने मंदसौर नीमच जावरा लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड़ एंव भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन की उपस्थिति में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया की पूर्व में भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा बूथ विस्तारक अभियान - 1 एवं 2, बूथ के नेतृत्व का प्रशिक्षण, बूथ विजय संकल्प अभियान, शक्ति सम्मेलन से लेकर बूथ स्तर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रम और अभियान आयोजित किए गए। भाजपा की जनसंघ कालीन परंपरा को चलाते हुए घर घर संपर्क, पर्ची वितरण और मतदान के दिन प्रात: परिवार सहित वोट करने के लिए कार्यकर्ता एवं समर्थक परिवार जागरण अभियान प्रभावी रहे हैं। परिणाम मूलक और लोकतंत्र को मजबूत करने वाले हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी के मार्गदर्शन में हमने पिछले विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोट वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करते हुए पार्टी के जनाधार में 8 प्रतिशत जनाधार में वृद्धि की है। साथ ही लगभग 61 प्रतिशत बूथों पर विजय श्री प्राप्त की। किसी भी राजनीतिक दल द्वारा प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी सफलता मध्यप्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्राप्त की।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर बूथ पर 370+ वोट का लक्ष्य देश भर के कार्यकर्ताओं को दिया गया है। 370 एक संख्या मात्र नहीं बल्कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए यह एक भावनात्मक विषय है। जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने राष्ट्रीय एकात्मकता, संप्रभुता के लिए स्वतंत्र भारत का पहले आंदोलन का नेतृत्व करते अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उन्होंने जम्मू कश्मीर में धारा 370 के विरोध में आंदोलन का सूत्रपात करते हुए नारा दिया कि दो निशान, दो प्रधान, दो विधान - नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में 13 मार्च से बूथ विजय अभियान प्रारंभ कर रही है। इस अभियान अंतर्गत कार्यकर्ता 10 दिन में प्रत्येक बूथ पर 2 घंटे प्रवास करेंगे। हम सभी बूथों पर पूर्ण विजय का संकल्प के साथ हम सब मिलकर लक्ष्य सिद्ध करेंगे। प्रत्येक दिन हेतु करणीय कार्य प्रदेश संगठन द्वारा सुझाव गए हैं। इन कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग प्रवासी कार्यकर्ता संगठन ऐप पर रियल टाइम पर करेंगे। हर कार्यकर्ता के कार्य का लेखा जोखा प्रदेश एंव राष्ट्रीय नेतृत्व के पास संगठन एप्प के माध्यम से होगा। कार्यकर्ता का परिश्रम ही पार्टी की शक्ति है। आगे जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अटोलिया ने बताया की जिले में निवासरत सभी वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता समेत सभी कार्यकर्ता एक-एक बूथ पर 10 दिवस के लिये प्रवासी विस्तारक के रूप में संगठन की मंशानुरूप कार्य करेंगें। श्री अटोलिया ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया की पूर्व में जिला भाजपा ने गांव चलो अभियान और लाभार्थी संपर्क अभियान का पार्टी शीर्ष नेतृत्व की मंशानुरूप मंदसौर जिले के समस्त मंडलो के समस्त बूथों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है। विगत सप्ताह मंदसौर जिला लाभार्थी संपर्क अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। वही द्वितीय एंव तृतीय स्थान पर भोपाल व इंदौर जिले रहे है। इसके साथ ही लोकसभा स्तर पर एक एलईडी रथ केन्द्र एंव राज्य सरकार की योजनाओं के साथ आम जन से सुझाव एकत्रित कर रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक अब तक सशक्त भारत निर्माण हेतु अपने सुझाव सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तक पहुंचा चुके है। वर्तमान में मंदसौर जिले में आजीवन सहयोग निधि का कार्य चल रहा है। जिसमें पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एंव विचारों के समर्थक आम नागरिक संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु स्वेच्छा से समर्पण निधि का दान कर रहे है। साथ ही लोकसभा चुनाव हेतु मंदसौर जिले की सभी चारों विधानसभाओं पर विधानसभा चुनाव कार्यालय प्रारंभ हो चुके है। आज इस प्रेस वार्ता के माध्यम से आप सभी के सहयोग से हमारे संगठनात्मक कार्यों की जानकारी जनता जर्नादन तक पहुंचेगी और हमें पूर्ण उम्मीद है की हमारी पार्टी की इस विशिष्ट संगठन कार्यशैली से आमजन प्रभावित होकर आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को पूर्व से अधिक वोटों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी की नियुक्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगें।

## चार सिविल न्यायाधीश की सेवाएं समाप्त

**भोपाल, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा-2021 में चयनित चार सिविल न्यायाधीशों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। विधि और विधायी कार्य विभाग ने 22 फरवरी 2023 की चयन सूची में चार अभ्यर्थियों में गौरी रघुनाथ, जिज्ञासा शर्मा, सुकृति झा और सुरभि रस्तोगी ने सिविल न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक बंध पत्र (बांड) नहीं भरा था। साथ ही इन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थिति भी नहीं दी थी। इसके चलते विधि और विधायी कार्य विभाग ने व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखंड (प्रवेश स्तर) परीक्षा 2021 के मुख्य चयन सूची से उनके चयन का अधिकार समाप्त कर दिया है।

### कुकड़ेश्वर पुलिस को मिली सफलता...

# चोरी गई मुर्ति को 2 दिन में थाना पुलिस ने किया बरामद



**मनासा, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, एसडीओपी मनासा श्री विमलेश उइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुकडेश्वर उप निरीक्षक जयदीप राठौर पुलिस टीम द्वारा ग्राम आमद जगंल से चोरी गई मुर्ती को बरामद किया गया।

फरियादी नैना उर्फ लक्ष्मण पिता दुर्गा बजारा निवासी आमद द्वारा रिपोर्ट किया कि दिनांक 09.03.2024 व 10.03.2024 कि दर्थ्यानी रात मे भदाना टामोटी रोड आमद तिराहा जगंल से अज्ञात व्यक्ति हनुमांनजी कि चार फिट उंची मुर्ती चोरी होने के रिपोर्ट कि गई थी जिसपर थाना कुकडेश्वर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दोरान थाना कुकडेश्वर थाना मनासा एवं वन विभाग कि टीम द्वारा सयुक्त रुप से मुर्ती कि तलाश कि जाने पर मनासा कंजार्डा रोड के पास स्थित एक देव स्थान से उक्त चोरी गई हनुमानजी कि मुर्ती को बरामद करने मे सफलता प्राप्त हुई है।

## कार्यालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी, जिला मन्दसौर (म.प्र.)

क्रमांक-212/कालोनी/2024 मंदसौर, दिनांक-11.03.2024

****** सार्वजनिक सूचना ******

**(म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (2) के अन्तर्गत)**

नगर परिषद् नारायणगढ के सीमा क्षेत्र में विधमान ऐसी अनधिकृत कॉलोनियां जो दिनांक 31 दिसम्बर 2022 के पूर्व से ही अस्तित्व में है, को नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने के उद्देश्य से चिन्हित किये जाने की प्रक्रिया नगर परिषद नारायणगढ द्वारा प्रारंभ की जा रही हैं।

इसी प्रक्रिया के तहत उक्त निर्दिष्ट तारीख अर्थात दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक अस्तित्व में आई अनधिकृत कॉलोनियों को नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु चिन्हित करने के लिए नगर परिषद द्वारा व्यापक सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान सर्व संबधितजन अनधिकृत कॉलोनी से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध करा सकते है।

उक्त अनुक्रम में एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आमजन को यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसी अनधिकृत कॉलोनियां जो दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक अस्तित्व में आई है, कि पुष्टि हेतु समस्त आवश्यक जानकारी दस्तावेज नगर परिषद नारायणगढ के कार्यालय में 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

**कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी जिला-मंदसौर (म.प्र.)**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत से सम्बन्द्ध
( विवेकानन्द शिक्षण समिति सुवासरा द्वारा संचालित )

सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि.सुवासरा
जिला-मन्दसौर (म.प्र.)

** आवश्यकता है **

●● सत्र 2024-25 हेतु समर्पित,योग्य एवं अनुभवी आचार्य/दीदीयों की ●●

| क्र. | पद | विषय | शैक्षणिक योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवर श्रेणी आचार्य (व्याख्याता) | गणित,रसायनशास्त्र भौतिकशास्त्र,जीवविज्ञान कॉमर्स विषय अंग्रेजी,हिन्दी | सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि + बी.एड अनिवार्य ( न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक ) | 10000-14000 |
| 2 | उच्च श्रेणी आचार्य | हिन्दी, अंग्रेजी,विज्ञान सा.विज्ञान,गणित | सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि + बी.एड अनिवार्य ( न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक ) | 9000-10000 |
| 3 | सामान्य आचार्य (कक्षा 6से8तक के लिए ) | गणित,विज्ञान,सा.विज्ञान , कम्प्यूटर, अंग्रेजी स्पोकन | सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि + बी.एड या डी.एड अनिवार्य अनुभवी को प्राथमिकता । | 8000-10000 |
| 4 | सामान्य आचार्य LKG To 4th (English Medium) | हिन्दी ,अंग्रेजी ,गणित विज्ञान,सा.विज्ञान , कम्प्यूटर, अंग्रेजी स्पोकन | सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि + बी.एड या डी.एड अनिवार्य अनुभवी को प्राथमिकता । | 7000-10000 |
| 5 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | कम्प्यूटर कार्य | स्नातक उपाधि + PGDCA/DCA | 7000-10000 |
| 6 | खेल शिक्षक ( PTI) | | स्नातक उपाधि + बी.पी.एड | 5000-7000 |
| 7 | संगीत शिक्षक | | सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि | 5000-7000 |
| 8 | वाहन चालक | | 5 वी, 10 वी उत्तीर्ण + हेवी ड्राइविंग लाइसेंस | 6000-8000 |
| 9 | वाहन परिचालक | | 5 वी, 8 वी उत्तीर्ण | 5000-7000 |
| 10 | पुरूष / महिला सेवक | | 5 वी, 8 वी उत्तीर्ण | 5000-7000 |
| 11 | चौकीदार | पूर्णकालिक | 8 वी उत्तीर्ण | 7000-9000 |

आलोक-( कक्षा LKGसे 4thतक पुर्णत: अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण )

➢कक्षा LKG से 4thतक पूर्णत: अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक को विशेष प्राथमिकता
➢आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 रहेगी, लिखित परीक्षा 07 अप्रैल 2024 को आयोजित होगी।
➢आवेदन पत्र कार्यालय से 200 रू. जमा करके प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 2:00 के बीच प्राप्त कर सकते है।
➢आवेदन पत्र के साथ समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
➢नियुक्ति हेतु संस्था द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तें लागू रहेगी।

व्यवस्थापक
श्री पुरूषोत्तम व्यास
स.शि.म.उ.मा.वि.सुवासरा
मो.9174247821

प्राचार्य
श्री मनीष पाटीदार
स.शि.म.उ.मा.वि.सुवासरा
मो.9907941027

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in


हमारा संकल्प गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोज़गार
पूरा कर रही मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
पीएम - सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा (वीसी के माध्यम से)
सायं 4:00 बजे - धार
एवं
रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर
का डिजिटल लॉन्च
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
दोपहर 12:00 बजे - पी.टी.सी. ग्राउंड, सागर
तथा
विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
प्रातः 10:00 बजे - खेल मैदान, मंगल बाज़ार, मंडीदीप, भोपाल
13 मार्च, 2024
• पीएम - सूरज राष्ट्रीय पोर्टल वंचित वर्गों को ऋण प्राप्त करने में एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करेगा
• 1 लाख लोगों के ऋण हुए स्वीकृत
• सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को दिये जाएंगे, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड एवं पीपीई किट
• मध्यप्रदेश सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों से मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है
• मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य है
• व्यावसायिक शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरण कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों के निर्माण से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया जा रहा है बल
D-11243/23
सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP